1	2	3	4	5	6
4.	Balasore	19	47.50	47.50	95.00
5.	Cuttack	41	102.50	102.50	205.00
6.	Dhenkanal	16	40.00	40.00	80.00
7.	Sambalpur	29	72.50	72.50	145.00
8.	Bolangir	20	50.00	50.00	100.00
9.	Phulbani	15	37.50	37.50	75.00
10.	Puri	29	72.50	72.50	145.00
11.	Ganjam	29	72.50	72.50	145.00
12.	Kalhandi	18	45.00	45.00	90.00
13.	Koraput	42	105.00	105.00	210.00
	TOTAL	314	785.00	785.00	1570.00

चीनी के थोक तथा फुटकर विक्रेताओं को कमीशन

2760. **श्री राम सिंह शाक्य** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीनी के थोक तथा फुटकर विक्रेताओं को दिल्ली में क्रमश: 50 रुपये तथा 10 रुपये प्रति बोरी कमीशन दिया जाता है ; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रथा को सुधारने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है और करने का विचार है;

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) और (ख) दिल्ली में चीनी के थोक व्यापारियों को 7 रुपये प्रति क्विंटल की कमीशन दी गई है जबकि खुदरा व्यापारी को 10 रु० प्रति क्विंटल की कमीशन दी गई है जिसमें थोक व्यापारी के गोदामों से खुदरा व्यापारी के कारोबार स्थान तक लदान उतरान और ढुलाई प्रभार शामिल है । इसके अलावा, खुदरा व्यापारी को खाली बोरी भी मिलती है ।

सब्जियों के उत्पादन के लिए मल-जल का इस्तेमाल

2761. **श्री निहाल सिंह** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में बड़े नगरों में हरी सब्जियों के उत्पादन के लिए मल-जल इस्तेमाल में लाया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या मंत्रालय ने इस बात की जांच की है अथवा करने का विचार है कि इस तरह उगाई गई सब्जियों में दूषित तत्व होते हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन): (क) से (ग). जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल रख पर दी जाएगी ।